भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3167**
दिनांक 06 अगस्त, 2021 को उत्तर के लिए

## निर्भया योजना

**3167. श्री प्रताप सिम्हा :**
**श्री बी.वाई.राघवेन्द्र :**
**श्री कृपानाथ मल्लाह :**
**श्रीमती जसकौर मीना :**
**श्री तेजस्वी सूर्या :**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले :**
**डॉ. उमेश जी. जाधव :**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) निर्भया योजना/वन स्टॉप सेंटर की मुख्य विशेषताएं और इनके उद्देश्य क्या हैं और इसके तहत अब तक निर्धारित लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के तहत आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का कर्नाटक, राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस योजना के तहत राज्यों को आवंटित राशि का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) योजना के तहत राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने केंद्र स्थापित किए गए हैं; और
(ङ) क्या सरकार उक्त योजना के तहत ऐसे और केंद्र खोलने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कब तक चालू हो जाएंगे?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : भारत सरकार ने देश की महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ाने के लिए लक्षित पहलों के कार्यान्वन के लिए 'निर्भया कोष' के नाम से एक समर्पित कोष की स्थापना की है। निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत गठित अधिकारियों की एक अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) संबंधित मंत्रालयों/विभागों / क्रियान्वयन एजेंसियों के साथ निर्भया कोष के तहत वित्त पोषण के लिए प्रस्तावों का मूल्यांकन और सिफारिश करती है। अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) द्वारा मूल्यांकन के बाद संबंधित मंत्रालय/ विभाग अपने संबंधित बजट में से निधियां जारी करने के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर अनुमोदित परियोजना/ स्कीम को स्वयं या राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों / कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से कार्यान्वित करते है।

निर्भया कोष के अंतर्गत पूरे देश में 'वन स्टॉप सेंटर' (ओएससी) नामक एक स्कीम 1 अप्रैल, 2015 से कार्यान्वित की गई है। ओएससी का लक्ष्य हिंसा की शिकार महिलाओं को एक छत के नीचे पुलिस की सुविधा, चिकित्सीय सहायता, कानूनी और मानसिक-सामाजिक परामर्श उपलब्ध कराने और अस्थायी आश्रय जैसी सेवाओं की एक समेकित सेवाओं की श्रृंखला प्रदान करना है। ओएससी की स्थापना किसी अस्पताल या चिकित्सीय सुविधा से दो किलोमीटर के दायरे मे अनुमादित डिजाइन के अनुसार नई निर्मित भवन या पहले से मौजूद भवन में की जाएगी। स्कीम के अंतर्गत, देश के सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की जा रही है। अब तक 704 वन स्टॉप सेंटर क्रियाशील है और इनके माध्यम से तीन लाख महिलाओं की मदद की गई है।

(ख) और (ग) : पिछले तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक, राजस्थान और असम सहित ओएससी स्कीम के अंतर्गत निर्मुक्त और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(घ) **:** स्कीम के अंतर्गत राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्य वार स्थापित किए गए सेंटर की संख्या का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ड.) **:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने **'मिशन शक्ति'** नाम के तहत वन स्टॉप सेंटर के घटक सहित एक समेकित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के रूप में महिलाओं की संरक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण की अम्ब्रेला स्कीम को कार्यान्वित करने का निर्णय किया है। ओएससी में संतप्त और हिंसा की शिकार महिलाओं को त्वरित सहायता और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मंत्रालय ने ओएससी के लिए लागत प्रावधानों को बढ़ाने और निर्भया कोष के अंतर्गत और मिशन शक्ति के अंतर्गत पहलों सहित सरकार की अन्य पहलों के बीच और आगे तालमेल तथा समन्वय बढ़ाने के लिए जिला मुख्यालयों से दूर के क्षेत्रों या जिन क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की दर अधिक है उन क्षेत्रों में ओएससी की स्थापना करने का निर्णय किया है।

*****

**अनुलग्नक -I**

**' निर्भया स्कीम' के संबंध में श्री प्रताप सिम्हा, श्री बी.वाई.राघवेन्द्र,श्री कृपानाथ मल्लाह,श्रीमती जसकौर मीना, श्री तेजस्वी सूर्या, श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले, डॉ. उमेश जी. जाधव द्वारा 06.08.2021 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3167 के भाग(ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

पिछले तीन वर्षों के दौरान वन स्टॉप स्कीम(ओएससी) के अंतर्गत निर्मुक्त और उपयोग की गई निधियों का राज्य/ संघ राज्य वार विवरण

(राशि रुपये में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | निर्मुक्त राशि | | | उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 3687641 | 4159792 | 3859069 | 7990951 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 39063148 | 26099278 | 21105250 | 35143545 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 78202084 | 13418151 | 52014408 | 8811508 |
| 4 | असम | 78695087 | 80408520 | 63614400 | 15492697 |
| 5 | बिहार | 30832455 | 104609180 | 70966339 | 989813 |
| 6 | चंडीगढ़ | 930799 | 1500450 | 3383756 | 2381249 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 66244372 | 67738483 | 35320987 | 87736269 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 50000 | 7345503 | 4601200 | 306879 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 36255258 | 18304950 | 8851903 |
| 10 | गोवा | 492000 | 1500450 | 3000900 | 392000 |
| 11 | गुजरात | 56269778 | 67951666 | 85084669 | 63336101 |
| 12 | हरियाणा | 47960546 | 40192416 | 40443694 | 42362758 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 10118850 | 31729794 | 19805400 | 1703950 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 15020425 | 9639473 | 22483933 | 7253204 |
| 15 | झारखंड | 70436941 | 40853107 | 69124908 | 35536694 |
| 16 | कर्नाटक | 59444419 | 58203580 | 73508758 | 17423208 |
| 17 | केरल | 28331849 | 14090453 | 23705850 | 8516076 |
| 18 | लद्दाख-यूटी | 0 | 0 | 6545042 | 2203172 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 2091225 | 1350225 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 112391390 | 167092445 | 104431900 | 60519822 |
| 21 | महाराष्ट्र | 38929425 | 66998501 | 64620010 | 21344257 |
| 22 | मणिपुर | 35722445 | 24884407 | 50193815 | 20436592 |
| 23 | मेघालय | 18639947 | 37430224 | 21161595 | 9676467 |
| 24 | मिजोरम | 27264535 | 21870881 | 17263928 | 17065675 |
| 25 | नागालैंड | 45487024 | 19173411 | 33590577 | 42979808 |
| 26 | ओडिशा | 77459998 | 20934647 | 93155192 | 15005985 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 4766836 | 4376136 | 7201800 | 0 |
| 28 | पंजाब | 52633488 | 35183739 | 48461272 | 33394192 |
| 29 | राजस्थान | 30860275 | 67711508 | 56686911 | 22738091 |
| 30 | सिक्किम | 3923225 | 6809569 | 6601800 | 123608 |
| 31 | तमिलनाडु | 113995447 | 71359691 | 106060397 | 117407585 |
| 32 | तेलंगाना | 58948915 | 62446827 | 77573415 | 30635786 |
| 33 | त्रिपुरा | 26901349 | 6001800 | 15603600 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 222830497 | 123193989 | 228832664 | 129811493 |
| 35 | उत्तराखंड | 27225409 | 22907445 | 27308659 | 30360381 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 0 | 9546450 | 19890150 | 0 |

**'निर्भया स्कीम' के संबंध में श्री प्रताप सिम्हा, श्री बी.वाई.राघवेन्द्र,श्री कृपानाथ मल्लाह, श्रीमती जसकौर मीना, श्री तेजस्वी सूर्या, श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले, डॉ. उमेश जी. जाधव द्वारा 06.08.2021 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3167 के भाग(घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

स्कीम (आएससी) के अंतर्गत स्थापित केन्द्रों का राज्य/ संघ राज्य वार विवरण

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **स्थापित ओएससी की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार (यूटी) | 03 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 13 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 24 |
| 4. | असम | 33 |
| 5. | बिहार | 38 |
| 6. | चंडीगढ़ (यूटी) | 01 |
| 7. | छत्तीसगढ | 27 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली और दमन तथा दीव (यूटी) | 03 |
| 9. | दिल्ली (यूटी) | 11 |
| 10. | गोवा | 02 |
| 11. | गुजरात | 33 |
| 12. | हरियाणा | 22 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 12 |
| 14. | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | 20 |
| 15. | झारखंड | 24 |
| 16. | कर्नाटक | 30 |
| 17. | केरल | 14 |
| 18. | लक्षद्वीप (यूटी) | 01 |
| 19. | लद्दाख (यूटी) | 02 |
| 20. | महाराष्ट्र | 37 |
| 21. | मध्य प्रदेश | 52 |
| 22. | मणिपुर | 16 |
| 23. | मेघालय | 11 |
| 24. | मिजोरम | 08 |
| 25. | नागालैंड | 11 |
| 26. | ओडिशा | 30 |
| 27. | पंजाब | 22 |
| 28. | पुद्दुचेरी (यूटी) | 04 |
| 29. | राजस्थान | 33 |
| 30. | सिक्किम | 04 |
| 31. | तमिलनाडु | 34 |
| 32. | तेलंगाना | 33 |
| 33. | त्रिपुरा | 08 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 75 |
| 35. | उत्तराखंड | 13 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 00 |
|  | **कुल** | **704** |